दिन– गुरूवार दिनांक– 04 / 07 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर मॉनसून के प्रभाव से भारी से अति भारी बारिश। मौसम विभाग ने आज सुपौल, सीतामढ़ी, कटिहार, पटना और भोजपुर समेत सत्रह जिलों में भारी बारिश और वज्रपात का अलर्ट जारी किया।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पुलों के रख–रखाव के लिए ग्रामीण कार्य विभाग को नीति बनाने के निर्देश दिये।

03. उत्तर बिहार में बाढ़ की समस्या के दीर्घकालिक समाधान के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति आज केन्द्रीय जल आयोग को अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।

04. और, टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप विजेता भारतीय टीम का स्वदेश वापसी पर नई दिल्ली में शानदार स्वागत। टीम के सदस्य आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से करेंगे मुलाकात।

**अब समाचार विस्तार से.........**

---

प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में मॉनसून पूरी तरह से सक्रिय बना हुआ है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर–पश्चिम हिस्सों में कई स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश हुई है। कई स्थानों पर सौ मिलीमीटर से लेकर दो सौ पैंतीस मिलीमीटर तक बारिश हुई है। सीवान के बड़हरिया में रिकॉर्ड दो सौ पैंतीस दशमलव चार मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान सुपौल, मधुबनी, सीतामढ़ी, दरभंगा, पश्चिम चंपारण, पूर्णियां और कटिहार जिले में कुछ स्थानों पर अत्यधिक भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, सीवान, सारण, वैशाली, समस्तीपुर, पटना, भोजपुर, बक्सर, अररिया और किशनगंज जिले में कुछ स्थानों पर भारी वर्षा का यलो अलर्ट जारी किया है। वहीं, राज्य के शेष हिस्सों में मध्यम बारिश का पूर्वानुमान है।

———बाईट———

इधर, राजधानी पटना समेत कई स्थानों पर रूक–रूक कर बारिश का सिलसिला जारी है। कई स्थानों पर निचले इलाकों में लगातार हुई बारिश से

जल–जमाव की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। इससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

——————————————————————————

इधर, राज्य में बारिश के दौरान वज्रपात की अलग–अलग घटनाओं में पिछले चौबीस घंटे में चार लोगों की मौत हो गयी। इनमें भागलपुर, दरभंगा, पूर्वी चंपारण और नवादा जिले में एक–एक व्यक्ति की मृत्यु हुई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मृतकों के प्रति शोक–संवेदना प्रकट करते हुए मृतकों के परिजनों को चार–चार लाख रूपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।

——————————————————————————

नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र में हो रही भारी बारिश के चलते गंडक, बागमती, कमला बलान, कोसी, महानंदा और परमान नदी के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

———बाईट———

जल ग्रहण क्षेत्रों में लगातार बारिश के चलते गंगा, गंडक और बागमती नदियों का जल स्तर पटना, मोतिहारी, गोपालगंज शिवहर, सीतामढ़ी और मुजफ्फरपुर में तेजी से बढा है। बागमती नदी बेलवा, डुब्बाघाट और मुजफ्फरपुर मैं खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। इसके चलते कई निचले इलाकों में बाढ़ का पानी फैल गया है। कमला बलान, महानंदा और परमान नदियों में उफान के कारण मधुबनी, अररिया, किशनगंज और पूर्णिया जिले में निचले और तटबंध वाले इलाकों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। धर्मेंद्र कुमार राय आकाशवाणी, समाचार पटना।

इस बीच, गोपालगंज से हमारे संवाददाता ने बताया है कि गंडक नदी में पिछले चौबीस घंटों के दौरान एक लाख छब्बीस हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया। जिला पदाधिकारी मकसूद आलम ने किसी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए जल संसाधन विभाग के अभियंताओं को बांधो की निगरानी के निर्देश दिये हैं। इधर, हमारे मधुबनी संवाददाता ने बताया है कि अधवारा समूह की रातो, बुढ़नद, ककुरा और धौंस नदी का जलस्तर भी लगातार बढ़ रहा है। बेनीपट्टी प्रखंड की करहारा पंचायत के मुहाने से गुजर रही धौंस नदी पर बना चचरी पुल तेज बहाव में ध्वस्त हो गया

——————————————————————————

सारण जिले के लहलादपुर प्रखंड के जनता बाजार में तीस साल पुराने नदिया पार पुल के टूटने से दो पंचायतों के सत्रह गांव का प्रखंड–मुख्यालय से संपर्क टूट गया है। और ब्योरा हमारे संवाददाता से–

–––बाईट–––

इधर, हमारे सीवान संवाददाता ने बताया कि जिले में पिछले दो दिनों से भारी बारिश के चलते महाराजगंज अनुमंडल के देवरिया पंचायत के पड़ाइन टोला के पास गंडकी नदी पर बना पुल ध्वस्त हो गया। बारिश के दौरान पुल का एक पिलर धंस गया जिसके बाद पूरा पुल ध्वस्त हो गया। पुल के गिरने से इस मार्ग पर परिचालन बाधित हो गया है।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रदेश में विभिन्न पुलों के क्षतिग्रस्त होने की खबरों के बीच ग्रामीण कार्य विभाग को पुलों के रख–रखाव की नीति बनाने के निर्देश दिये हैं। श्री कुमार ने पटना में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में कहा कि निर्माणाधीन पुलों का कार्य गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा किया जाना चाहिए। श्री कुमार ने मानक संचालन प्रक्रिया तैयार कर सभी पुलों के नियमित रख–रखाव और मरम्मत के लिए उचित कार्रवाई करने का निर्देश भी दिया है।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

जल संसाधन विभाग के अपर मुख्य सचिव चैतन्य प्रसाद ने कहा है कि राज्य में विभिन्न स्थानों पर पुलों के क्षतिग्रस्त होने की जांच विभाग के उड़नदस्ता संगठन की ओर से कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि दोषी पाये जाने वाले अधिकारियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। श्री प्रसाद ने कहा कि जलस्तर बढ़ने के कारण सीवान और गोपालगंज जिले में छाड़ी नदी पर निर्मित दशकों पुराने पुल–पुलिया क्षतिग्रस्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि निर्धारित मापदंडों के अनुरूप निर्माण नहीं होने के कारण यह हादसे हुए हैं। श्री प्रसाद ने कहा कि सीवान के छाड़ी नदी पर नए पुल का निर्माण किया जाएगा।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

केन्द्र सरकार की ओर से उत्तर बिहार में बाढ़ की समस्या के दीर्घकालिक समाधान के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति आज अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। वित्त मंत्री

निर्मला सीतारमण के निर्देश पर केंद्रीय जल आयोग ने पिछले अट्ठाईस जून को पांच सदस्यीय समिति का गठन किया था। लोअर गंगा बेसिन ऑगेनाईजेशन के मुख्य अभियंता अम्बरीश नायक इस समिति के अध्यक्ष बनाये गये हैं। यह समिति उत्तर बिहार की नदियों के लिए नये बराज और अन्य संरचनाओं के निर्माण की संभावनाओं का पता लगाएगी।

——————————————————————————

केन्द्र सरकार ने, मंत्रिमंडल की विभिन्न समितियों का गठन किया है। मंत्रिमंडल की आर्थिक कार्य समिति में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में ग्यारह सदस्य होंगे। इसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, इस्पात मंत्री एच. डी. कुमारस्वामी और पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह शामिल हैं। मंत्रिमंडल की राजनीतिक मामलों की समिति में सूक्ष्म लद्यु उद्योग मंत्री जीतनराम मांझी को शामिल किया गया है। इस समिति में प्रधानमंत्री सहित चौदह सदस्य होंगे। वहीं, निवेश और वृद्धि संबंधी समिति में केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह और चिराग पासवान को शामिल किया गया है।

——————————————————————————

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारतीय सेना अग्निवीरों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। सोशल मीडिया पर पोस्ट में श्री सिंह ने अग्निवीर अजय कुमार को प्रदान वेतन और परिलब्धियों पर भारतीय सेना का स्पष्टीकरण साझा किया है। सेना ने कहा है कि सोशल मीडिया पर कुछ पोस्ट में कहा गया है कि ड्यूटी के दौरान जान गंवाने वाले अग्निवीर अजय कुमार के परिजनों को मुआवजा नहीं दिया गया। सेना ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि कुल मान्य राशि में से अग्निवीर अजय के परिवार को अंठानवे लाख उनचालीस हजार रुपये का भुगतान पहले ही किया जा चुका है। स्पष्टीकरण में कहा गया है कि अग्निवीर योजना के प्रावधानों के अनुसार लागू लगभग सड़सठ लाख रुपये की अनुग्रह राशि और अन्य लाभ, पुलिस सत्यापन के बाद शीघ्र ही दिए जाएंगे। यह पूरी राशि करीब एक करोड़ पैंसठ लाख रुपये होगी।

——————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य में भूमि सर्वेक्षण का काम जुलाई दो हजार पच्चीस तक पूरा करने का निर्देश दिया है। पटना में राजस्व और भूमि सुधार विभाग की ओर से आयोजित नियोजन पत्र वितरण समारोह में उन्होंने कहा कि भूमि सर्वे का

काम पूरा होने के साथ ही भूमि विवाद में भी कमी आएगी। इस दौरान विभागीय मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि सर्वेक्षण का काम पूरी पारदर्शिता के साथ तेजी से पूरा किया जा रहा है। पटना और विभिन्न जिला मुख्यालयों में आयोजित नियोजन पत्र वितरण समारोह में विभाग के लगभग दस हजार कर्मियों को नियोजन पत्र वितरित किये गये।

———————————————————————————

केंद्रीय मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने कहा है कि सूचना के अधिकार आवेदन के लगभग शत–प्रतिशत निपटान के साथ लंबित मामलों में हर वर्ष कमी आ रही है। श्री सिंह ने नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि सूचना प्राप्ति के लंबित मामले दो हजार उन्नीस–बीस के पैंतीस हजार से घटकर दो हजार चौबीस–पच्चीस में बाईस हजार रह गए हैं। उन्होंने सूचना की सक्रिय भूमिका से लंबित मामले कम करने और नागरिकों को सुगमता से सूचना प्रदान करने में प्रगति की सराहना की।

———————————————————————————

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने महाराष्ट्र में जीका वायरस की कुछ रिपोर्ट के मद्देनजर, राज्यों को एक परामर्श जारी किया है। इसमें जीका वायरस की स्थिति पर निरंतर निगरानी बनाए रखने की बात कही गई है। मंत्रालय ने राज्यों से प्रभावित क्षेत्रों में गर्भवती महिलाओं की जीका वायरस संक्रमण की जांच करने का निर्देश देने को कहा है।

———————————————————————————

टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप विजेता भारतीय टीम आज सुबह बारबाडोस से स्वदेश पहुंच गयी है। क्रिकेट टीम के स्वागत के लिए नई दिल्ली के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के बाहर बडी संख्या में प्रशंसकों की भीड़ जुटी और उन्होंने करतल ध्वनि के साथ उत्साह से खिलाड़ियों का स्वगत किया। बारबाडोस में तूफान बेरिल के कारण भारतीय दल की वापसी में देरी हुई है। भारतीय दल आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके आवास पर मुलाकात करेगा। इसके बाद विश्व विजेता टीम मुंबई के लिए रवाना हो जाएगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड–बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने बताया कि मुंबई में विजयी टीम आज शाम एक ओपन बस रोड शो में हिस्सा लेगी। इसके बाद वानखड़े स्टेडियम में खिलाड़ियों के सम्मान में समारोह का आयोजन किया जाएगा।

———————————————————————————————

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने राजस्व और भूमि सुधार विभाग की ओर से लगभग दस हजार युवाओं को नियोजन पत्र देने से संबंधि खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** ने इस खबर का शीर्षक लगाया है— बिहार में अगले वर्ष जुलाई तक पूरा होगा भूमि सर्वे।

**दैनिक जागरण** की सुर्खी है— पानी के तेज बहाव से चौबीस घंटे के अंदर सीवान और सारण में ध्वस्त हो गये पांच पुल।

**दैनिक भास्कर** ने नीट—यूजी पेपर लीक मामले में लिखा है— साजिशकर्ता का मुख्य सहयोगी अमन को सीबीआई ने धनबाद से दबोचा, एक आरोपी भागा।

**प्रभात खबर** लिखता है— पचास वर्ष पुराने पेड़ों का होगा जियो सर्वे।

**राष्ट्रीय सहारा** ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बयान का शीर्षक लगाया है— भ्रष्टाचार के खिलाफ जांच एजेंसियों को खुली छूट।

**आज** अखबार लिखता है— घटिया बेंच—डेस्क आपूर्तिकर्ताओं पर होगी कानूनी कार्रवाई।

———————————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर मॉनसून के प्रभाव से भारी से अति भारी बारिश। मौसम विभाग ने आज सुपौल, सीतामढ़ी, कटिहार, पटना और भोजपुर समेत सत्रह जिलों में भारी बारिश और वज्रपात का अलर्ट जारी किया।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पुलों के रख—रखाव के लिए ग्रामीण कार्य विभाग को नीति बनाने के निर्देश दिये।

03. उत्तर बिहार में बाढ़ की समस्या के दीर्घकालिक समाधान के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति आज केन्द्रीय जल आयोग को अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।

04. और, टी—ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप विजेता भारतीय टीम का स्वदेश वापसी पर नई दिल्ली में शानदार स्वागत। टीम के सदस्य आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से करेंगे मुलाकात।

———————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।